Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय - 1 | दो बैलों की कथा

**QUIZ PART-05**

1. **साँड़ से लड़ने की हीरा और मोती की योजना क्या थी?**
   A. अकेले लड़ना
   B. भाग जाना
   C. दोनों मिलकर आगे-पीछे से हमला करना
   D. छिप जाना (C)

*व्याख्या :* हीरा और मोती ने तय किया कि वे दोनों एक साथ मिलकर आगे और पीछे से हमला करेंगे।

2. **साँड़ को देखकर हीरा और मोती की क्या प्रतिक्रिया थी?**
   A. वे खुशी से उछल पड़े
   B. उन्होंने उस पर हमला कर दिया
   C. वे डर से बगलें झाँकने लगे
   D. वे चुपचाप खड़े रहे (C)

*व्याख्या :* साँड़ को देखकर दोनों बैल डर से बगलें झाँकने लगे।

3. **दोनों बैलों ने साँड़ को कब छोड़ दिया?**
   A. जब वह घायल होकर गिर पड़ा
   B. जब वह भाग गया
   C. जब लोग आ गए
   D. जब वह डर गया (A)

*व्याख्या :* बैलों ने उसे तब छोड़ा जब वह घायल होकर गिर पड़ा।

4. **मोती मटर के खेत में क्यों गया?**
   A. खेलने
   B. छिपने
   C. खाने
   D. खोज करने (C)

*व्याख्या :* मोती खाने के लिए मटर के खेत में घुस गया।

5. **हीरा और मोती की मित्रता का स्वरुप कैसा है?**
   A. स्वार्थी मित्रता
   B. मजबूरी में बनी मित्रता
   C. सच्ची और साहसी मित्रता
   D. अवसरवादी मित्रता (C)

*व्याख्या :* हीरा और मोती की मित्रता सच्ची और साहसी मित्रता का उदाहरण है।

6. **हीरा ने मोती को बैरी पर सींग चलाने के बारे में क्या कहा?**
   A. यह सही है
   B. यह गलत है
   C. यह धर्म के विरुद्ध है
   D. यह साहस का काम है (C)

*व्याख्या :* हीरा ने कहा कि गिरे हुए बैरी पर सींग नहीं चलाना चाहिए, यह धर्म के विरुद्ध है।

7. **साँड़ से लड़ाई में हीरा और मोती की जीत का मुख्य कारण क्या था?**
   A. साँड़ बहुत बूढ़ा था
   B. दोनों ने संगठित होकर आक्रमण किया
   C. गाँव वाले उनकी मदद को आ गए
   D. साँड़ डर गया था (B)

*व्याख्या :* उनकी जीत का मुख्य कारण यह था कि दोनों ने मिलकर संगठित ढंग से हमला किया।

8. **मोती खेत में पकड़ा क्यों गया?**
   A. क्योंकि उसके खुर कीचड़ में धँस गए
   B. क्योंकि वह भागना नहीं चाहता था
   C. क्योंकि वह घायल था
   D. क्योंकि हीरा ने उसे रोक लिया (A)

*व्याख्या :* मोती के खुर कीचड़ में धँस गए, इसलिए वह भाग न सका और पकड़ लिया गया।

9. **हीरा ने जब मोती को संकट में देखा तो क्या किया?**
   A. भाग गया
   B. लोगों को बुलाने चला गया
   C. वापस लौट आया
   D. छिप गया (C)

*व्याख्या :* हीरा ने अपने साथी मोती को संकट में देखा तो वह लौट आया ताकि दोनों साथ पकड़े जाएँ।

10. **इस प्रसंग से हमें हीरा और मोती की कौन-सी विशेषता का परिचय मिलता है?**
    A. चालाकी और स्वार्थ  B. साहस और निष्ठा
    C. आलस्य और डर  D. अवसरवादिता (B)

*व्याख्या :* इस प्रसंग से उनके साहस और निष्ठा का परिचय मिलता है, क्योंकि उन्होंने मिलकर शत्रु का सामना किया।